44 वर्ष | नवम अंक | अप्रैल 2022

# प्रतियोगिता दर्पण

हिन्दी मासिक

522 वाँ सफलतम अंक

## इस अंक में...


7 सम्पादकीय

9 राष्ट्रीय घटनाक्रम



15 अन्तर्राष्ट्रीय घटनाक्रम

21 आर्थिक वाणिज्यिक परिदृश्य

30 नवीनतम सामान्य ज्ञान

35 व्यक्ति परिचय

37 24वें शीतकालीन ओलम्पिक खेल बीजिंग में सम्पन्न : नॉर्वे का पदक तालिका में शीर्ष स्थान

38 खेलकूद

41 रोजगार समाचार

42 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

44 भारत की विविध पारम्परिक नाट्य शैलियाँ

47 भारत की प्रमुख नदियाँ

### अनुप्रेरक युवा प्रतिभाएं

52 **राजीव कुमार**
65वीं बिहार सिविल सेवा परीक्षा में चयनित



### फोकस



54 (1) भारत में स्मार्ट खेती

57 (2) नव भारत साक्षरता कार्यक्रम

59 (3) हरित आवरण विस्तार : भारत को एक सुपरिभाषित वन संरक्षण नीति की आवश्यकता

### विविधा



61 स्मरणीय तथ्य

63 विश्व परिदृश्य

67 वर्तमान में चर्चित विभिन्न अवधारणाएं

72 ऐतिहासिक स्थल एवं ऐतिहासिक व्यक्तित्व

### लेख

76 **आर्थिक वाणिज्यिक लेख**—भारत का विदेश व्यापार : अप्रैल-दिसम्बर, 2021

78 **अन्तर्राष्ट्रीय लेख**—चीन के नए भूमि सीमा कानून का विरोध क्यों ?

80 **सामयिक द्विपक्षीय सम्बन्ध लेख**—भारत-इजरायल सम्बन्धों के तीस वर्ष




82 **विधिक लेख**—वर्ष 2021 के महत्वपूर्ण निर्णय

84 **वनाग्नि एवं पारिस्थितिकी लेख**—झुलसते जंगल और बिगड़ता पर्यावरणीय संतुलन



88 **सामाजिक-विसंगति लेख**—विश्व में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की स्थिति



92 **स्वास्थ्य लेख**—नींद का महत्व—नींद न आने के कारण एवं नींद लाने के उपाय

94 **बजट-विश्लेषण लेख**—कृषि एवं ग्रामीण विकास हेतु संघीय बजट 2022-23 के प्रावधान

96 **कृषि लेख**—जैव नियंत्रकों के व्यवसायिक उत्पाद की उपयोगिता



99 **सार संग्रह**

## हल प्रश्न-पत्र

102 सिविल सेवा मुख्य परीक्षा, 2021 सामान्य अध्ययन-II

107 राष्ट्रीय रक्षा अकादमी/नौसेना अकादमी परीक्षा, 2021

113 एस.एस.सी. संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2020

122 उत्तर प्रदेश प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक चयन परीक्षा, 2021

178 IBPS Specialist Officer (Mains) Exam., 2018

## मॉडल हल (वस्तुनिष्ठ सामान्य ज्ञान)

138 आगामी मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (प्रा.) परीक्षा हेतु विशेष हल प्रश्न

145 समसामयिक वस्तुनिष्ठ प्रश्न

149 उद्योग, व्यापार एवं बैंकिंग सचेतता



## ऐच्छिक विषय

151 **अर्थशास्त्र**—उत्तर प्रदेश प्रवक्ता (PGT) भर्ती परीक्षा, 2021

157 **वाणिज्य**—उत्तर प्रदेश प्रवक्ता भर्ती परीक्षा, 2021

## वर्षांत समीक्षा 2021

165 कोयला मंत्रालय

## महत्वपूर्ण शब्दावली

166 अन्तर्राष्ट्रीय विपणन प्रणाली में प्रयुक्त महत्वपूर्ण शब्दावली

## ज्ञानार्जन के नवीन क्षितिज

170 **क्या आप जानते हैं ?**

171 **अपना ज्ञान बढ़ाइए**

172 **सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता क्रमांक 207**

## श्रेष्ठतर प्रतिभागी

175 **प्रथम पुरस्कृत निबन्ध**—लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में जातिवाद

177 **निबन्ध प्रतियोगिता क्रमांक**—511 का परिणाम

185 **मध्य प्रदेश पी.एस.सी. राज्य सेवा/वन सेवा प्रारम्भिक परीक्षा, 2021 हेतु बिन्दुवार अध्ययन सामग्री**



प्रतियोगिता दर्पण में प्रकाशित किसी भी सामग्री अथवा चित्र के लिए सम्पादक की सहमति होना आवश्यक नहीं है. –सम्पादक

सम्पादकीय



# तैयार रहिए

> *"Success depends upon previous preparation, and without such preparation there is sure to be failure."*
>
> **— *Confucious***

स्काउटिंग के कार्यकर्त्ताओं का आदर्श माना जाता है– तैयार रहो 'Be prepared' यानी प्रतिपल सजग और सक्रिय रहो, अपने उद्देश्यों और कर्तव्यों पर सदैव दृष्टि रखो, प्रमाद और निष्क्रियता को आसपास भी मत फटकने दो. इसी बात को पुराने ढंग की पाठशालाओं में विद्यार्थी के लक्षण पढ़ाते समय बताया जाता है–

काक चेष्टा, बको ध्यानं, श्वान निद्रा तथैव च।
अल्पाहारी, गृह त्यागी, विद्यार्थी पंच लक्षणम्॥

किसी वस्तु की प्राप्ति के लिए कौवे की तरह सफलता मिलने तक निरन्तर प्रयत्न करते रहो, बगुले की तरह दृष्टि को लक्ष्य पर केन्द्रित रखो तथा कुत्ते की तरह सजगता भरी नींद सोओ, यानी कर्तव्य के प्रति सदैव सजग रहो– जरा-सा भी खटका होने पर उठ बैठो. ऐसा न हो कि अवसर उपस्थित होने पर स्काउट को पुकारना पड़े, वह स्वयं न पहुँचे.

यह जीवन-पद्धति स्काउट अथवा किसी वर्ग विशेष की ही क्यों मानी जाए? हम आप सब इसी रास्ते पर क्यों न चलें?

हम कोई भी काम करें– वह खाना बनाने और कपड़े पहनने जैसा सामान्य कार्य हो अथवा परीक्षा में बैठने जैसा महत्वपूर्ण कार्य हो, प्रत्येक के लिए विशेष प्रकार की तैयारी, मानसिक तैयारी करनी पड़ती है. विवाहों, मेलों, तमाशों, पार्टियों में जाते समय भी हमारे सामने तैयार रहने वाली वस्तु Be prepared वाली बात रहती है. स्काउटिंग संस्था को स्थापित करने वाले श्री बेडिन पाविल की मान्यता थी कि स्काउट उत्पादक नागरिक बनें, उनकी गतिविधियाँ सकारात्मक हों, समाज को कुछ देने वाली हों, दूसरों को सुख पहुँचाने वाली दुःख कम करने वाली हों. दुखिया के आँसू पोंछने के लिए जरूरतमंद को सहारा देने के लिए वे सदैव तैयार रहें. इस प्रकार का जीवन व्यतीत करने के लिए क्या आप तैयार हैं. यदि हैं, तो तैयार हो जाइए. Be prepared जीवन अस्थिर है, भविष्य अनिश्चित है. अतः हर क्षण तैयार रहिए—जीवन का सामना करने के लिए हम अन्य प्रकार की विविध गतिविधियों में इतने अधिक व्यस्त रहते हैं कि जीवन के मुख्य लक्ष्य के प्रति अपेक्षित ध्यान नहीं दे पाते हैं. अपने युवा पाठकों से तो हम केवल यही पूछेंगे– परीक्षा अथवा आसन्न प्रतियोगिता के प्रति क्या वे सदैव सजग और तैयार रहते हैं? कक्षा में होने वाले नियमित टैस्ट, तिमाही, छमाही परीक्षाएं, पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित अनुभव हमें चेतावनी देते हैं कि मुख्य परीक्षा सिर पर सवार है, उठो तैयार हो जाओ. व्यावहारिक दृष्टि से बालों का सफेद होना, दाँतों का गिरना, झुर्रियाँ पड़ना आदि चेतावनियों को हम नकारते रहते हैं—यहाँ तक कि वैज्ञानिक एवं तकनीकी उपचारों द्वारा हम इन्हें झुठलाने का प्रयास करते रहते हैं, परन्तु जो आना है वह आकर ही रहता है. परीक्षा की घण्टी सुनकर हम घड़बड़ा कर कहते हैं– अरे इम्तिहान आ गए और हम पूरी तैयारी भी नहीं कर पाए. किसी तरह 9–10 दिन के लिए परीक्षाएं टल जाएं.

●●●